# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज
# फिरोजाबाद

(NAAC Accricеted : B+Grade)

सम्बद्धः डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

## एक्टिविटी क्लब
## रिपोर्ट
## सत्र–2022–2023



डॉ0 अनिता चौरसिया
असिस्टेंट प्रोफेसर
संस्कृत विभाग
(एक्टिविटी क्लब)
प्रभारी

Scanned with OKEN Scanner


# रिपोर्ट


## सत्र–2022–23

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में स्थापित एक्टिविटी क्लब की दिनांक 28.01.2023 को प्राचार्या जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में छात्राओं के बौद्धिक एवं शारीरिक संवर्द्धन हेतु विभिन्न गतिविधियों के साथ ही आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट के यथा–समय संकलन का विचार किया गया था। जिसके तहत विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गयी रिपोर्ट के अनुसार आयोजित विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

**क्रीडा विभाग** –

1. अन्तरर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता – डॉ0 अमृता सिंह के निर्देश में बी.कॉम द्वितीय वर्ष (तृतीय सेम.) की छात्रा तनु शर्मा ने A.K.P.G College, Shikohabad में आयोजित अन्तर्विश्वविद्यालयीय जूडो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
2. दिनांक 21.11.2022 को बैकुण्ठी देवी महिला कालेज, आगरा में आयोजित अन्तर्महाविद्यायीय प्रतियोगिता में छः सदस्यीय योगा टीम ने द्वितीय स्थान सुनिश्चित किया।
3. इसके अतिरिक्त महाविद्यालय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं की प्रतिभागिता सराहनीय रही।



**रेन्जर्स** –

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कालेज, फिरोजाबाद में दिनांक 21.02.2023 तक श्रीमती अंकिता ठाकुर के निर्देशन में रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 32 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय स्तर पर रेंजर्स की छात्राओं ने तम्बू निर्माण प्रतियोगिता, भोजन प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसके साथ ही महिला सशक्तीकरण विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता द्वारा वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं की अवस्थिति एवं उनके उत्थान जैसे गंभीर विषयों पर अपने विचार प्रकट किए।

Scanned with OKEN Scanner



<u>**N.S.S**</u> –

- महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय दोंनों ईकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 मार्च से 29 मार्च 2023 तक किया गया। जिसके अन्तर्गत, Women Powerline 1090, तथा पुलिस आपातकालीन नं0 112 के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। चिकित्सा शिविर, बापू बाजार, हुनर हाट, राष्ट्रीय पुस्तकमेला, ग्रामीण पुस्तकालय केन्द्र का आयोजन बैंदी ग्राम में किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा न्यूनतम मूल्य पर वस्तुओं का विक्रय कर उससे प्राप्त धन राशि से प्राथमिक विद्यालय बैंदी की आवश्यकतानुसार 2 टेबल प्रदान किये गये।
- N.S.S के अन्तर्गत $G^{20}$ व्याख्यान रैली पोस्टर विषय पर प्रथम एक द्विवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर निर्माण तृतीय शिविर एवं वर्तमान स्थिति में वित्तीय समावेशन विषय पर चतुर्थ शिविर का आयोजन किया गया।




Scanned with OKEN Scanner

- N.S.S द्वारा रक्तदान **वृक्षारोपण सप्ताह, योग दिवस** के साथ ही शासन द्वारा अनुदेशित हर घर तिरंगा के अन्तर्गत **पढ़ें बेटियाँ व बढ़ें बेटियाँ** कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत झाँकी व रैली का आयेजन किया गया। दिनांक 11 व 12 नवम्बर 2022 को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियम विषय पर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सिरसागंज में आयोजित जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कालेज, फिरोजाबाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



इसके अतिरिक्त N.S.S द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं में सामुदायिक की भावना, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी विकसित करने का प्रयास किया गया।




1. <u>सांस्कृतिक समिति</u> – हर घर तिरंगा शासनादेश के अनुपालन में 11.08.2022 तक चलाये गये अभियान में सांस्कृतिक प्रभारी डॉ0 निष्ठा शर्मा के निर्देशन में ध्वजारोहण एवं देश

Scanned with OKEN Scanner

प्रेम की अभिव्यक्ति हेतु अनेक कार्यक्रमों आयोजन किया गया। जिसमें स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर झण्डारोहण एवं समापन दिवस पर संगीतात्मक प्रस्तुति प्रमुख रहीं।

2. अक्टूबर गाँधी जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन एवं श्रीराम स्तुति का भारतनाट्यम द्वारा प्रदर्शन सराहनीय रहा। इसी क्रम में 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक समिति द्वारा **देशभक्ति गीतों के साथ शहीदों को नमन** शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन भी उल्लेखनीय है।

दिनांक 17.03.2023 को संगीत एवं नृत्य सम्बन्धी प्रतियोगिता अभिव्यक्ति शीर्षक से आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर महाविद्यालय स्तर पर अपना स्थान भी सुनिश्चित किया।

दिनांक 18.04.2023 को महाविद्यालय की पत्रिका अनुभूति का विमोचन एवं परास्नातक की छात्राओं को (टेबलेट वितरण) का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

**आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किए गए कार्यक्रम–**

1. **20.07.2022** को प्रमुख **'स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान'** विषय पर क्विज का आयोजन।
2. दिनांक 11 से 17अगस्त2022 के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह, प्रभात फेरी, **'भारत की स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष'** विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता **'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में खुदीराम बोस का योगदान'** विषय पर निबन्ध प्रयोगिता 13.08.2022 नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के जीवन से संबधित एक डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रमोशन। 14.08.2022 को राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन।
3. 15.08.2022 को **'सेल्फी विद तिरंगा'** प्रतियोगिता का आयोजन।
4. 16.08.2022 **'हर घर तिरंगा'** विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता।
5. 17.08.2022 महाविद्यालय परिसर में **वृक्षारोपण** कार्यक्रम।
6. 07.12.2022 **'राष्ट्रीय आन्दोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका'** विषय पर भाषण प्रतियोगिता
7. 24.03.2023 को महाविद्यालय स्तर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय **'Save Enviorment and Save Future'** था।
8. 10.04.2023 को महाविद्यालय स्तर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था– **'ऑनलाइन या ऑफलाइन क्लास'** कौनसा माध्यम बेहतर है।

डॉ0 अंजु शर्मा
अध्यक्षा

डॉ0 अनिता चौरसिया
प्रभारी (एक्टिविटी क्लब)

Scanned with OKEN Scanner